wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351541818

वर्ष-1 अंक-32 सागवाड़ा, रविवार,26 सितम्बर, 2021 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## बेटी के जन्म के 20 घंटे बाद REET देने पहुंची महिला

**बूंदी।** बूंदी जिले के बालचंद पाड़ा निवासी अर्चना गुर्जर ने शनिवार दोपहर 1 बजे को जिला अस्पताल में एक बच्ची को जन्म दिया। बच्ची के जन्म के 20 घंटे बाद रविवार सुबह वह REET के लिए एंबुलेंस से केशोरायपाटन स्थित सेंटर के लिए रवाना हुई। अर्चना ने कहा कि वह लंबे समय से REET की तैयारी कर रही थी, ऐसे में अपनी मेहनत को खराब नहीं होने देना चाहती थी और उसने परीक्षा देने का फैसला किया। अर्चना की शनिवार दोपहर नॉर्मल डिलीवरी हुई थी। जच्चा-बच्चा दोनों ही स्वस्थ थे। बच्ची को जन्म देने के बाद अर्चना को REET की चिंता सताने लगी। अर्चना लंबे समय से इसकी तैयारियों में जुटी थी। ऐसे में वह इस मौके को गंवाना नहीं चाहती थी। अर्चना ने परिजनों से परीक्षा देने की बात कही। परिजन ने कांग्रेस नेता चर्मेश शर्मा से बात की। शाम को उन्होंने परिजनों के साथ‚ छरूव अन्य अधिकारियों से बात की तो उन्होंने परीक्षा दिलवाने पर सहमति दे दी और परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था करवाई।

इसके बाद आज सुबह एंबुलेंस के जरिए 50 किलोमीटर दूर केशोरायपाटन स्थित सेंटर के लिए अर्चना को परिवार के साथ रवाना किया। धौलपुर शहर के गर्ल्स स्कूल में भी एक प्रसूता एंबुलेंस से परीक्षा देने के लिए पहुंची। महिला की 2 दिन पहले सिजेरियन डिलीवरी हुई थी। महिला रवीना पत्नी हरीश ने बताया कि 2 दिन पहले धौलपुर जिला अस्पताल में उसकी ऑपरेशन से डिलीवरी हुई थी। उसने REET के लिए काफी तैयारी की थी। ऐसे में वह हर हाल में परीक्षा देना चाहती थी। उसने यह बात पति को बताई, तो उन्होंने भी उनका साथ दिया। इसके बाद आज वह एंबुलेंस से परीक्षा केंद्र पर पहुंची हैं। जोधपुर में भी राणावास से एक गर्भवती अभ्यर्थी मीनाक्षी परीक्षा देने पहुंची। डॉक्टर ने 27 सितंबर को डिलीवरी डेट दे रखी है। मीनाक्षी ने बताया कि पिछली बार परीक्षा में 1 नंबर से रह गई थी। इस बार दोगुने जोश से परीक्षा की तैयारी की थी, ऐसे में हर हाल में परीक्षा देना चाहती थी।

## 29 सितंबर से मानसून कीशश एक बार फिर एक्टिव होगा

**जयपुर।** बंगाल की खाड़ी में आए चक्रवात तूफान 'गुलाब' का राजस्थान में कोई असर नहीं होने की संभावना है। इस चक्रवात के कमजोर पड़ने के बाद 29 सितंबर से राजस्थान में मानसून की गतिविधियां एक बार फिर एक्टिव हो सकती हैं। 3 दिन बाद पूर्वी राजस्थान के कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभाग के जिलों में बारिश का दौर शुरू होगा।मौसम विभाग के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में बना डीप डिप्रेशन चक्रवात में तब्दील हो गया है। यह चक्रवात तूफान आज उड़ीसा व उत्तरी आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों तक पहुंचेगा और धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और गुजरात तक पहुंचेगा। इस चक्रवात का राजस्थान में कोई असर देखने को नहीं मिलेगा।

## चलती कार में लगी आग, ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

**सीकर।** जिले के नीमकाथाना इलाके में शनिवार देर रात सड़क पर चलती कार में अचानक आग लग गई, जिससे कार पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। ड्राइवर ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। आस-पास के लोगों और हाईवे पुलिस ने करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद कार में लगी आग को बुझाया। प्रथम दृष्टया कार में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कल्याणपुरा निवासी गोपाल सामोता किसी काम से अपनी गाड़ी से चला से ठीकरिया की तरफ जा रहे थे। ठीकरिया से 7 किलोमीटर पहले रास्ते में उनकी कार के अगले हिस्से में आग की लपटें निकलना शुरू हुई। इस दौरान गोपाल ने कार से कूदकर अपनी जान बचाई। कार में आग लगती देख आस पास के लोग मौके पर पहुंचे। कुछ देर बाद हाईवे पुलिस भी मौके पर पहुंची। जिन्होंने कार में लगी आग को करीब 30 मिनट की मशक्कत के बाद बुझाया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# रीट- बीकानेर में ब्लूटूथ डिवाइस लगी चप्पल मिली तो अलवर में नकल को लेकर हंगामा

**बीकानेर।**

राजस्थान के इतिहास में प्रदेश की सबसे बड़ी राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) के लेवल-2 और लेवल-1की परीक्षा संपन्न हो गई है। परीक्षा सेंटर्स पर पुलिस की कड़ी निगरानी रही। इससे पहले कड़ी सुरक्षा के बीच सभी अभ्यर्थियों को एंट्री दी गई। छात्रों के साथ साथ समाजिक संगठनों की भी परीक्षा देखी गई जो अभ्यर्थियों की व्यवस्थाओं में जुटे हुए थे।

### डिवाइस लगी चप्पल करीब 6 लाख रुपए में अभ्यर्थियों को बेची थी

बीकानेर में अभ्यर्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस लगी चप्पल देने वाले 3 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बीकानेर के गंगाशहर में ये कार्रवाई की गई है। आरोपी चप्पल में डिवाइस लगाकर अभ्यर्थियों को नकल कराने में जुटे थे। शुरुआती जांच में सामने आया कि आरोपियों ने डिवाइस लगी चप्पल करीब 6 लाख रुपए में अभ्यर्थियों को बेची थी। पुलिस अधीक्षक प्रीति चंद्रा ने दैनिक भास्कर को बताया कि तीन युवकों को गिरफ्त में लिया गया है। ये लोग चप्पल में डिवाइस लगाकर सेंटर पर नकल कराने की कोशिश में जुटे हुए थे। इनसे कई महत्वपूर्ण सामान भी मिले हैं, जो नकल में काम आते हैं। यह कार्रवाई गंगाशहर पुलिस और डीएसटी टीम ने मिलकर की है।

### ब्लूटूथ से नकल करते परीक्षार्थी को दबोचा

किशनगढ़ तेली मौहल्ला स्थित आचार्य धर्मसागर स्कूल में रविवार को रीट की द्वितीय लेवल की परीक्षा के दौरान एक अभ्यर्थी को ब्लू टूथ से नकल करने के प्रयास में पकड़ा। परीक्षार्थी चप्पल में ब्लूटूथ छिपाकर ले गया था। फिलहाल परीक्षार्थी को केन्द्र के अंदर ही बैठा रखा है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। परीक्षार्थी के खिलाफ राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड और सरकार के नियमानुसार डिबार करने की कार्रवाई होगी।

### परीक्षा में पेपर उपलब्ध कराने और परीक्षा में पास कराने के नाम राशि लेने वाले गिरफ्तार

जयपुर की प्रताप नगर पुलिस ने कार्रवाई की है और Coaching संचालक एवं उसके साथी को गिरफ्तार किया है। दोनो के पास से कई अभ्यर्थियों के बारे में जानकारी मिली है और उनके दस्तावेज भी बरामद हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि संदीप पांडे और सुनील उर्फ काशी मीणा को पकडा गया है। संदीप पांडे एक कोचिंग चलाता है और सुनील उसका साथी है। दोनो से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि दोनो के पास से कई अभ्यिर्थियों के बारे में जानकारी मिली है। ये लोग अभ्यर्थियों को परीक्षा में पेपर उपलब्ध कराने के नाम पर और परीक्षा में पास कराने के नाम पर दस से पंद्रह लाख रुपए ले रहे थे। इसमें से अधिकतर रकम परीक्षा से पहले और बाकि परीक्षा मे सलेक्ट होने पर ली जानी थी। दोनो से पूछताछ की जा रही है।

### अलवर में नकल पर हंगामा

अलवर के कमला देवी स्कूल में नकल को लेकर बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हंगामा कर दिया। असल में ठीक दस बजे तक सभी को कक्ष में बैठा दिया गया था। एक कक्ष में बैठे अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्हें 11 बजे तक पेपर नहीं दिया गया।

जब इनमें से दो अभ्यर्थी टॉयलेट के लिए गए तो एक कमरे में किताबों के साथ नकल कराई जा रही थी। इन दोनों ने यह बात अपने कक्ष के अन्य साथियों को बताई तो वे सभी बाहर निकले और जमकर हंगामा किया। जिस कमरे में नकल कराई जा रही थी, उसमें 20 से ज्यादा स्टूडेंट थे।

इस समय सेंटर के बाहर स्टूडेंट बैठकर धरना दे रहे हैं। कलेक्टर व एसपी मौके पर पहुंचे।

### चौमू में डमी परिक्षार्थी हिरासत में

चौमू में भी एक मुन्नाभाई एग्जाम देते हिरासत में लिया गया है, जो गोविंदगढ़ के कालू का बास कृष्णा कॉलेज में डमी परिक्षार्थी बनकर पहुंचा था। आरोपी बिहार का रहने वाला है।

वहीं, मूल परिक्षार्थी भरतपुर का रहने वाला है। दोनों के पास पुलिस को एक जैसा एडमिट कार्ड भी मिला है। फिलहाल दोनों को हिरासत में ले लिया गया है।

## रीट- परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को कड़े इम्तिहान से गुजरना पड़ा



**डूंगरपुर।** जिले में रीट भर्ती परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू हुई, लेकिन परीक्षा से पहले अभ्यर्थियों को कड़े इम्तिहान से गुजरना पड़ा। सुबह 10 बजे परीक्षा शुरू होने से एक घंटा पहले ही परीक्षार्थियों को प्रवेश शुरू कर दिया गया तो परीक्षा केंद्रों के बाहर लंबी-लंबी लाइनें लग गई। परीक्षा केंद्र के गेट पर प्रवेश पत्र, आईडी कार्ड, पारदर्शी पैन की जांच की गई। वहीं कोरोना संक्रमण से बचाव को लॉकर परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के थर्मल स्क्रीनिग की गई। परीक्षार्थी पहनकर आये मास्क को उतरवाकर नए मास्क दिए गए। इसके बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। डूंगरपुर जिले में रीट परीक्षा को लेकर 176 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा नकल को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए थे।

वही 1200 सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा इंतजामो में लगाया गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, एसपी सुधीर जोशी समेत जिले के तमाम अधिकारी लगातार परीक्षा पर नजर रखे हुए थे।





### रीट- 3 हजार 215 वीक्षक लगाए

परीक्षा को लेकर 3 हजार 215 वीक्षक लगाये गए है इसके अलावा 219 पर्यवेक्षक लगाए गए है जो परीक्षा संपन्न होने तक प्रत्येक परीक्षा सेंटर का निरीक्षण करेंगे। उड़न दस्तों के लिए 50 अधिकारियों की टीम बनाई गई है। प्रत्येक उड़न दस्ते को 2 से 3 परीक्षा केंद्रों की जिम्मेदारी दी गई है। परीक्षा नकल को रोकने के लिए प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध किए गए। 1200 सुरक्षाकर्मियों को सुरक्षा इंतजामों में लगाया गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ओला, एसपी सुधीर जोशी समेत जिले के तमाम अधिकारी लगातार परीक्षा पर नजर रखे हुए है।

### परीक्षा पर नजर

* परीक्षा केंद्र- 176
* परीक्षार्थी- फर्स्ट लेवल 32 हजार 492, सेकण्ड लेवल 28 हजार 248
* बाहरी जिलो से आए परीक्षार्थी- 22 हजार 242
* वीक्षक- 3 हजार 215 (40 अतिरिक्त)
* पर्यवेक्षक- 219
* उड़न दस्ते- 50
* सुरक्षाकर्मी- 1200

## REET: कॉलेज संचालक और भाई समेत 5 गिरफ्तार



**नागौर।** REET से पहले SOG (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की ओर से लगातार प्रदेश भर में कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले डूंगरपुर से एक सरकारी स्कूल के टीचर को गिरफ्तार करने के SOG सक्रिय हो गई और महज दो दिनों में बाड़मेर, दौसा, सीकर, अलवर, कोटा, जयपुर, कुचामन और नागौर में कार्रवाई करते हुए 20 से ज्यादा लोगों को हिरासत में ले चुकी है। शनिवार देर रात को भी नागौर में हुई कार्रवाई में परीक्षा पास कराने की गारंटी लेकर परीक्षार्थियों से मोटी रकम वसूलने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। यहां एक कॉलेज संचालक अपने भाई और 3 दलालों के जरिए परीक्षार्थियों से संपर्क बनाए हुए था और उन्हें 10-10 लाख रुपए में एग्जाम पास कराने की गारंटी दे रहा था। इस कॉलेज में REET का सेंटर भी है। सूचना मिलते ही नागौर स्क्र के निर्देशन में पुलिस टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कॉलेज संचालक, उसके भाई और 3 दलालों समेत पांच लोगों को पकड़ लिया। पकड़े गए 3 दलाल सरकारी अध्यापक है। इन सभी से कड़ी पूछताछ के बाद देर रात पांचों के खिलाफ मामला दर्ज कर इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके अलावा SOG ने 25 संदिग्धों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।नागौर SP अभिजीत सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि नागौर शहर स्थित सूफिया नर्सिंग कॉलेज का संचालक जावेद उसके भाई खालिद और 3 दलालों के माध्यम से REET देने वाले परीक्षार्थियों से सम्पर्क बनाए हुए था।

### बच्चों के जन्मदिन पर गौशाला में गौग्रास करवाया



**सागवाड़ा।** माणकपुरा आरा स्थित श्री श्री उत्तम गोपाल कृष्ण गौशाला सागवाड़ा में तहसीलदार मयुर शर्मा ने अपनी पुत्री गाथा शर्मा के जन्मदिन पर तथा भंवरलाल डामोर ने अपने पुत्र डा. पवन डामोर के जन्मदिन पर गौशाला आकर गोग्रास करवाया। गोग्रास मे चारे के साथ केले तथा बिस्किट भी खिलाये गये। पंडित मनोज ठाकुर ने मंत्रोच्चार के साथ गोपुजन कराया।

इस अवसर पर पंकज भट्ट, प्रणय शर्मा, तृप्ति शर्मा, रिद्धि भट्ट,मगनलाल यादव, शंकरलाल यादव, राजकुमार डामोर, कलावती डामोर, कंकुदेवी यादव,काव्या यादव आदि उपस्थित रहे।

## हेल्प डेस्क ने अभ्यर्थियों को पहुंचाया स्कूल तक, परीक्षा केंद्र तक पहुंचा नाश्ता



**सागवाड़ा।**

नगर पालिका, प्रशासन और सामाजिक संगठनों की मेहनत के चलते रीट की परीक्षा देने सागवाड़ा पहुंचे अभ्यर्थियों को भोजन और आवास की बेहतर इंतजाम मिले। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने बताया कि परीक्षा से पूर्व ही पालिका, प्रशासन और सर्व समाज की बैठक लेकर रूप रेखा तैयार की थी। रविवार को अभ्यर्थियों के लिए नगरपालिका की ओर से गोल चोराहा और गलियकोट मोड पर हेल्प डेस्क लगाई जो पूरे दिन अभ्यर्थियों को परीक्षा सेंटर और आवास संबंधित जानकारी देते रहे। सुबह सभी सेंटरों पर परीक्षार्थियों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई। पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने बताया कि खटिक समाज, आदिवासी समाज, यादव समाज, पाटीदार समाज, जैन समाज, दर्जी समाज और विप्र फांउडेशन की ओर से अभ्यर्थियों के लिए आवास और भोजन की व्यवस्थाएं की गई थी। एसडीएम राजीव द्विवेदी और तहसीलदार मयूर शर्मा ने अपनी टीम के साथ इन व्यवस्थाओं में पूरी भागीदारी निभाई।

सागवाड़ा में सर्व समाज और प्रशासन की ओर से की गई शानदार व्यवस्था के लिए नपाध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने सभी का आभार जताया है।

## साड़ी से फंदा बनाकर प्रेमी-प्रेमिका ने किया सुसाइड



**सीमलवाड़ा।** धंबोला थाना क्षेत्र में शादीशुदा प्रेमी युवक और उसकी प्रेमिका ने सुसाइड कर लिया। दोनों के शव आज सुबह युवक के घर से कुछ दूरी पर पेड़ पर साड़ी के फंदे पर लटके मिले। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को नीचे उतरवाया। युवती के पिता के गुजरात से आने के बाद पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। धंबोला थाना एसआई रमेश कटारा ने बताया कि सुबह पेड़ पर लड़का-लड़की के शव लटके मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर जाकर देखा तो आम के पेड़ की एक टहनी के साड़ी से फंदा बनाकर दोनों लटके हुए थे। लड़की की चुन्नी से दोनों की कमर बंधी हुई थी। पहचान भचड़िया निवासी प्रवीण डामोर (25) व रीना डामोर (18) के रूप में हुई। दोनों का काफी समय से अफेयर चल रहा था। लड़का शादीशुदा था,जिस कारण दोनों शादी नहीं कर सकते थे। इस कारण दोनों ने आत्महत्या करने का रास्ता अपना लिया। सूचना पर मृतक प्रवीण के पिता हीरा डामोर और ग्रामीण पहुंचे। युवती के पिता प्रेमा डामोर गुजरात में मजदूरी करते है, ऐसे में उनके गुजरात से आने के बाद ही पोस्टमार्टम व आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने दोनों शव को उतरवाकर सीमलवाड़ा अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है।

## एसडीएम की सख्ती- बड़गी तालाब पेटे में हो रहे अवैध निर्माण पर पटवारी और सचिव को फटकार, बिजली कनेक्शन कटवाया



### चीतरी व गलियाकोट पटवारी और चितरी सचिव की मिलीभगत से हो रहा था अवेध निर्माण
### अवैध बिजली कनेक्शन देने वाले अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

**चीतरी।** गलियाकोट उपखण्ड अधिकारी विनित सुखाडिया ने शनिवार देर शाम बडगी तालाब पेटे में ग्राम पंचायत चीतरी द्वारा बनाई जा रही अवैध दुकानों का निमार्ण रूकवा दिया। मौके पर पहुंचे एसडीएम ने लोहे के शेटर सहित अन्य कार्य को रूकवा कर नायब तहसीलदार दलीचन्द प्रजापत और विष्णुलाल यादव को आवशयक दिशा निर्देश दिये है। इस दौरान एसडी एम सुखाडीया ने मौके पर ही चीतरी पटवारी पूष्पेन्द्र भट्ट, गलियाकोट पटवारी जगराम मीणा एवं पटवारी हीरालाल ताबीयाड को फटकार लगाते हुए तालाब पेटे की भूमि पर हो रहे अतिक्रमण और अवैध निर्माण को रोकने के लिए कार्यवाही नही करने पर नाराजगी जाहिर की। एसडीएम सुखाडीया ने कहा तालाब पेटे में चीतरी ग्राम पंचायत ने अवैध दुकानों का निर्माण कर दिया।अभी तक पटवारियों ने कोई कार्यवाही क्यों नही की।एसडीएम ने तीनो पटवारियों को कहा कि अतिक्रमण रोकने के लिए उन्होंने दो दिन पहले ही निर्देश दिये थे फिर भी लापरवाही बरती गई। नायब तहसीलदार विष्णुलाल यादव व दलीचन्द प्रजापत ने रविवार को चीतरी पंचायत द्वारा निर्माणाधिन व्यवसायिक दुकानो का निर्माण कार्य तत्काल रोकने के लिए ग्राम विकास अधिकारी जयेश पाटीदार को नोटिस थमाया है। साथ ही अधिकारियों को जिम्मेदार के खिलाफ जांच के निर्देश भी दिए है। थानाप्रभारी गोविन्द सिंह चौहान को अवैध निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई के लिए कहा गया है।

उपखण्ड अधिकारी ने एईएन रविन्द्र कुमावत को कार्य स्थल पर बुलवाया और अवैध विधुत कनेक्शन देने वाले मुकेश पंडया के खिलाफ कारवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद डिस्कॉम के अधिकारियो ने अवैध बिजली कनेक्शन को काट दिया।